30OCT. -JANJ PG-01_Layout 1 10/30/2026 10:12 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

3 बिर्रा से भटगांव को जोड़ने वाली सड़क तालाब में तब्दील, दुर्घटना के शिकार हो रहे वाहन चालक



खबर संक्षेप

राज्योत्सव कार्यक्रम में सांसद देवेंद्र होंगे मुख्य अतिथि

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ के सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह होंगे। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभागीय प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह- के सफल आयोजन के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, मंच एवं पंडाल व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच संचालन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय पर दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि समारोह व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

बिर्रा में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता 10 को

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में मंगलवार 10 नवंबर को रात्रि 8 बजे से जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता रखा गया है। इस कार्यक्रम के संबंध में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति फिल्म अभिनेता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राजू कश्यप, रितेश रमन सिंह आदि होंगे। जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

1 से 5 नवंबर तक लगेगी विशेष ग्राम सभा

जांजगीर-चांपा। एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत सभी कृषकों का विवरण आगामी 1 नवम्बर से आयोजित विशेष ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाएगा तथा पंजीकृत कृषकों की सूची ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा की जाएगी। साथ ही विशेष ग्राम सभा में 1 से 5 नवम्बर तक कृषकों के पंजीकृत खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल विवरण का भी वाचन किया जाएगा। आगामी 1 नवम्बर से 5 नवम्बर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में सोसाइटी मॉड्यूल से ऐसे पंजीकृत कृषक और उनके खसरों की सूची का प्रकाशन एवं वाचन किया जाएगा, जिनमें धान विक्रय किया जाना है। पंजीकृत सभी खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे से क्या फसल लिया गया है उसका भी वाचन किया जाएगा। सूची का प्रकाशन ग्राम पंचायत या अन्य प्रमुख स्थलों और समितियों में किया जाएगा। साथ ही कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जायेगी।

खपरीटांड में धर्म जागरण अभियान कल

जांजगीर-चांपा। क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता, सामाजिक सद्भावना और धर्म के प्रति आस्था को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 1 नवंबर रविवार को खपरीटांड में 'धर्म जागरण अभियान' के अंतर्गत एक विशेष धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मंडल के महंत उमेशानंद गिरि उपस्थिति रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

प्रीमियम में कंपनी ने कमाए 471 लाख, खेत में कटी फसल का आंकलन पंचायत स्तर पर

फसल बीमा के नाम पर किसानों से छल, खड़ी फसल की नुकसानी देने नहीं है प्रावधान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान नहीं, बल्कि पूरी तरह से घाटे का सौदा साबित हो रही है। योजना के नाम पर इस साल बीमा कंपनी ने प्रीमियम के तौर पर 471 लाख रुपए वसूले हैं, लेकिन अभी अर्नब तूफान के चलते बीते तीन दिनों से बेमौसम बरसात और तेज हवाओं से खड़ी फसलों को जो नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई बीमा कंपनी के नियम के अनुरूप नहीं करेगी। इतना ही नहीं जिन किसानो की खेत में कटी फसल खराब हुई है, उनकी क्षतिपूर्ति भी ग्राम पंचायत स्तर पर आंकलन के आधार पर होगी।

गौरतलब है कि अर्नब तूफान के कारण जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बरसात और तेज हवाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जिन खेतों में धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी थी, वह बालियों सहित जमीन पर गिर गई है। खेतों में घुटने भर पानी भर गया है और पानी की धार बह रही है। अर्ली वैरायटी का धान जो कटकर खेत में पड़ा था, वह भीगकर ख़राब होने लगा है और उसमें अंकुरण का खतरा मंडराने लगा है। कई जगहों पर करपा पड़ा धान भी पानी में डूब गया है। इससे उत्पादन पर सीधा 30 से 40 प्रतिशत तक असर पड़ने की आशंका है, लेकिन किसानों से करोड़ों रुपये का प्रीमियम वसूल करने वाली बीमा कंपनी इस पूरे नुकसान की भरपाई बीमा नियमों के अनुरूप किसानों को नहीं करेगी। दरअसल फसल बीमा के जो मापदंड तय किए गए हैं, उसके अनुसार उन्हीं किसानों को इस नुकसान की भरपाई मिलेगी जिनकी फसल तैयार होकर कट चुकी है और खेत में कटी पड़ी है। खड़ी फसल की नुकसानी का इसमें कोई प्रावधान ही नहीं है। खडी फसल के जल भराव, तेज हवा से बालियां गिरने, ओलावृष्टि और कीट-बीमारी से होने वाली नुकसान का भी किसी प्रकार का क्लेम दिए जाने का प्रावधान नहीं है। विभागीय जानकारी के मुताबिक चालू खरीफ वर्ष 2026 में जिले के तकरीबन 30 हजार किसानों ने 21 हजार 567 हेक्टेयर रकबे का फसल बीमा कराया है। इसके लिए बजाज कंपनी ने बतौर प्रीमियम 471 लाख से अधिक की राशि वसूल की है। इस प्रीमियम राशि में 103 लाख रुपये राज्य सरकार और 103 लाख रुपये केंद्र सरकार ने अनुदान के रूप में जमा किए हैं, जबकि 265 लाख रुपये का प्रीमियम सीधे किसानों की जेब से वसूला गया है। सबसे बड़ा पेंच क्लेम के आकलन में है। फसल बीमा में नुकसानी का आकलन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाता है। बीते 7 सालों के औसत उत्पादन से इस साल की तुलना की जाएगी और जितने प्रतिशत उत्पादन में कमी होगी, उसके आधार पर बीमित किसानों को क्लेम मिलेगा, जबकि प्रीमियम की वसूली प्रत्येक किसान से प्रत्येक रकबा-खसरा के आधार पर व्यक्तिगत रूप से की जाती है। यानी वसूली व्यक्तिगत और भुगतान सामूहिक औसत के आधार पर - जो किसानों से छलावा नजर आ रहा है।



चक्रवात तूफान के चलते फसल हुई बर्बाद।

ऋणी किसानों की मजबूरी का उठा रहे फायदा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ऋणी किसानों के लिए अनिवार्य कर दी गई है। बैंक से केसीसी या फसल ऋण लेने वाले किसान को चाहे फायदा हो या न हो, बीमा कराना ही पड़ता है। इसका सीधा फायदा बीमा कंपनियों को मिल रहा है। इस साल ऋण लेने वाले किसानों के 1,21,405 आवेदन पर बीमा किया गया, जबकि बिना ऋण के स्वेच्छा से बीमा कराने वाले किसानों की संख्या मात्र 1538 रही। यह आंकड़ा खुद बताता है कि किसान इस योजना पर कितना भरोसा करते हैं।

नियम के अनुरूप भुगतान

फसल बीमा में क्लेम का भुगतान नियमानुसार किया जाता है। खड़ी फसलों को जो क्षति हुई है, वह इस दायरे में नहीं आती। बाकी जो फसल कटकर खेत में पड़ी है। उसकी नुकसानी का आंकलन पंचायत स्तर पर होगा और बीमा की राशि नुकसानी के आधार पर दी जाती है। किसान 14447 नंबर पर क्लेम कर सकते है।

-कृष्णा प्रधान,
जिला प्रतिनिधि, बजाज जनरल इंश्योरेंस

देना चाहिए लाभ

किसान अपने धान की फसल नुकसान होने की स्थिति में उसकी भरपाई को लेकर बीमा कराते है कृषकों को बीमा का लाभ देना चाहिए इसे लेकर मंच के द्वारा मांग भी की जाती है।

-संदीप तिवारी,
सहसंयोजक
कृषक चेतना मंच जांजगीर चांपा

वित्तीय अनियमितता : सरपंच की गई कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

वित्तीय अनियमितता मामले में सरपंच की कुर्सी चली गई है। धारा 40 के तहत एसडीएम ने उन्हें हटा दिया है। मामला बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम पंचायत परसापाली का है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत परसापाली (च) के सरपंच के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांपा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत आदेश जारी कर सरपंच श्याम बाबू कर्ष को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक कर दिया है। इतना ही नहीं, उन्हें आगामी छह वर्षों तक पंचायत राज अधिनियम के अधीन किसी भी निर्वाचन के लिए निरर्हित (अयोग्य) भी घोषित किया गया है। मामला ग्राम पंचायत परसापाली के उपसरपंच तोताराम लाठिया एवं चार अन्य पंचों द्वारा की गई शिकायत से जुड़ा है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सरपंच श्याम बाबू कर्ष और पंचायत सचिव नोहर सूर्यवंशी द्वारा बिना वैध ग्राम पंचायत प्रस्ताव के 15वें वित्त आयोग, विधायक निधि एवं अन्य मदों से शासकीय राशि का आहरण और भुगतान किया गया।शिकायत के बाद जनपद पंचायत बम्हनीडीह द्वारा जांच कराई गई। पांच निर्माण कार्यों से संबंधित कुल 6 लाख 67 हजार 567 रुपये के भुगतान को नियम विरुद्ध पाया गया। जांच में ग्राम पंचायत लेखा नियम 1999 के नियम 5, 20 एवं 58 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 48 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया। प्रकरण में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 97 हजार 607 रुपये, मेला स्थल एवं तालाब के पास मुरुम फिलिंग के लिए 80 हजार रुपये, तालाब में पचरी निर्माण के लिए 60 हजार, पचरी मरम्मत के लिए 29 हजार 960 रुपये तथा शिव घर से भगत घर तक नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपये के भुगतान को जांच में नियम विरुद्ध माना गया। राशि वापस जमा कराने से नहीं मिली राहत इस मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया कि संबंधित एजेंसी द्वारा 6,67,567 रुपये की राशि पंचायत के बैंक खाते में वापस जमा कराई गई थी।

- 6 वर्ष तक पंचायत चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य घोषित

इलाज के बहाने महिला से छेड़खानी झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

इलाज के बहाने महिला से छेड़खानी मामले में झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरा का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने 28 अक्टूबर को थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अक्टूबर को सिर दर्द की शिकायत होने पर उसके पति उसे रायपुरा गांव में क्लीनिक चलाने वाले आरोपी के पास इलाज कराने लेकर गए थे। आरोप है कि जांच के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ गलत नियत से छेड़खानी की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बाराद्वार में अपराध क्रमांक 407/26 धारा 64(2) बीएनएस, 3(ii)(v) एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 8 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। कार्रवाई में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सउनि यशवंत राठौर, मप्रआर श्यामा जायसवाल, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, मप्रआर श्रीकांत सेंगर, प्रेमनारायण राठौर, योगेश राठौर, राकेश राठौर एवं रूपा लहरे का योगदान रहा।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती आज पामगढ़ में होगा माल्यार्पण कार्यक्रम

पामगढ़। लौह पुरुष, कुर्मी कुल गौरव, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके महान विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल चौक चंडीपारा में स्थापित प्रतिमा पर आयोजित होगा। सर्व कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि 31 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

4 फीट ऊपर बह रहा पानी...



बहेराडीह। सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग पर स्थित जमड़ी नाला सड़क पुल से चार फीट ऊपर बारिश का पानी बह रहा है। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने फसल क्षति का शीघ्र सर्वेक्षण कराने के दिए निर्देश

जांजगीर-चांपा। चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई वर्षा के कारण फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र एवं वास्तविक आकलन किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके।

जिले के 85 हजार से अधिक किसानों के खातों में आए 17 करोड़ की किसान सम्मान निधि राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 24वीं किस्त की राशि शुक्रवार 30 अक्टूबर को पात्र किसानों के खातों में सीधे अंतरित की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजना की 24वीं किस्त की राशि गुजरात के बनासकांठा से जारी की गई। प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2019 में शुरू की गई पीएम किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र भूमिधारक किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान करना है। इस अवसर पर जिला स्तर, विकासखंड स्तर एवं ग्राम पंचायतों में पीएम किसान उत्सव के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृषि विभाग जिला सक्ती द्वारा जिला स्तर पर पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सक्ती अंतर्गत बीपीआरसी भवन हरेठी में किया गया। जिला सक्ती में कुल 85 हजार 450 पात्र किसानों के बैंक खातों में 17.09 लाख करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार ने पीएम किसान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ लेकर अपनी खेती-किसानी में उपयोग करने से मदद मिलती है। उप संचालक कृषि द्वारा जिले के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी।

कुछ विभागों के शिफ्टिंग का हो रहा इंतजार

एक छत के नीचे आ रहे जिले के दफ्तर, कंपोजिट बिल्डिंग में संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित कंपोजिट बिल्डिंग के तैयार होने से लंबे समय से भवन की समस्या से जूझ रहे आधा दर्जन से अधिक सरकारी कार्यालयों को अब अपना ठिकाना मिलने का रास्ता साफ हुआ है। नए भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालयों के संचालन की व्यवस्था की गई है। इससे विभागीय कामकाज को व्यवस्थित करने के साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

जिले में कई सरकारी विभागों का कामकाज अलग-अलग स्थानों से संचालित होने के कारण लोगों को अपने काम के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक जाना पड़ता है। ऐसे में कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों के लिए कार्यालयीन व्यवस्था उपलब्ध होना प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कंपोजिट बिल्डिंग के माध्यम से कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थान मिलने से विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने और शासकीय योजनाओं से जुड़े कार्यों को सुविधाजनक बनाने में मदद मिल सकती है। कलेक्ट्रेट कंपोजिट बिल्डिंग में जगह उपलब्ध है। जिन कार्यालय को कंपोजिट बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। उनमें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, युवा भारत, सांख्यिकी, सेवा सेतु, विभाग प्रमुख रूप से शामिल है जिन्हें कंपोजिट बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है।



कलेक्टोरेट में संचालित कंपोजिट बिल्डिंग।

भवन की समस्या से जूझ रहे थे विभाग

सरकारी कार्यालयों के लिए उपयुक्त भवन होना सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था की बुनियादी जरूरत है। पर्याप्त कक्ष, बैठने की जगह, दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक पहुंच नहीं होने पर कार्यालयीन कामकाज प्रभावित हो सकता है। भवन की कमी या अनुपयुक्त परिसर में संचालित कार्यालयों के सामने कर्मचारियों के बैठने, अभिलेख रखने तथा लोगों को सेवाएं देने जैसी चुनौतियां रहती हैं।

किया गया शिफ्ट

जिले के आधा दर्जन से अधिक सरकारी संस्थाओं के लिए भवन आवंटन किया गया है। जिसके तहत कार्यालय शिफ्टिंग की प्रक्रिया चल रही है कुछ कार्यालय शिफ्ट भी हो चुके हैं।

-सुनील साहू
ईडीएम चिप्स
जांजगीर-चांपा



CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

खबर संक्षेप

सूरजपुर एसपी ने कई पुलिस कर्मियों को दी नई जिम्मेदारी, तबादला आदेश जारी

बिश्रामपुर। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर योगेश पटेल ने जिले के 8 निरीक्षक रैंक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है इसके अतिरिक्त 2 उपनिरीक्षक, 8 सहायक उपनिरीक्षक सहित अलग अलग थानों में पदस्थ 55 पुलिस कर्मियों का तबादला कर उन्हें नए थाना चौकियों में पदस्थापना दी गई है,गुरुवार 29 अक्टूबर को एसपी द्वारा जारी आदेश में निरीक्षक रंजीत प्रताप सिंह को रक्षित केंद्र से शिकायत शाखा प्रभारी पुलिस कार्यालय,निरीक्षक रमेश पटेल रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी रामानुजनगर,निरीक्षक नंद किशोर गौतम रक्षित केंद्र से रीडर टू एसपी कार्यालय,निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी रमकोला,निरीक्षक मिलन सिंह रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी चांदनी,निरीक्षक ढाल सिंह साहू रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी जयनगर,निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का रक्षित केंद्र से प्रभारी साईबर सेल,निरीक्षक जावेद मियाँदाद को डीसीबी/ डीसीआरबी/कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है,इसी कड़ी में उपनिरीक्षक अमित गुप्ता को थाना प्रभारी जयनगर से चौकी प्रभारी बसदेई,उपनिरीक्षक हीरालाल साहू को थाना प्रभारी रमकोला से थाना सूरजपुर,एएसआई अरुण गुप्ता को साईबर सेल से चौकी प्रभारी करंजी नियुक्त किया गया है,इसी प्रकार एएसआई अमरेश सिंह रक्षित केंद्र से साईबर सेल,वरुण तिवारी को जयनगर,पास्कल लकड़ा को रक्षित केंद्र से थाना रामानुजनगर,बबिता यादव रक्षित केंद्र से थाना बिश्रामपुर,राकेश यादव को थाना प्रतापपुर,हरिशंकर तिवारी को बिश्रामपुर से थाना चंदौरा,सुनील भारती को चंदौरा से भटगांव पदस्थ किया गया है।आदेश में 6 हेड कॉन्स्टेबल व 49 आरक्षकों को भी नई पोस्टिंग दी गई है।

कोल इंडिया कर्मचारियों की एचआरए की दरों में हुई वृद्धि

बिश्रामपुर। कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए मकान किराया भत्ते को लेकर बड़ी राहत की खबर है,कोल इंडिया प्रबंधन ने एचआरए की दरों में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है। संशोधित दरों के अनुसार अब एक्स श्रेणी के शहरों में मूल वेतन का 27 प्रतिशत, वाई श्रेणी में 18 प्रतिशत और जेड श्रेणी के शहरों में 9 प्रतिशत मकान किराया भत्ता मिलेगा। नई दरें 1 सितंबर 2026 से प्रभावी मानी जाएंगी,इस संबंध में कोल इंडिया के मानव संसाधन विभाग ने 22 अक्टूबर को कार्यालय आदेश जारी किया है। इस निर्णय से कंपनी में कार्यरत उन कर्मचारियों को लाभ मिलेगा, जिन्हें नियमानुसार मकान किराया भत्ते की पात्रता है। इस बढ़ोतरी से पात्र कर्मचारियों की मासिक वेतन गणना में बदलाव होगा। ज्ञात हो कि कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों और कोयला क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए इस आदेश का महत्व है। नई दरें प्रभावी तिथि से लागू होने के कारण कर्मचारी अपने वेतन विवरण में संशोधित एचआरए और नियमानुसार देय अंतर की जानकारी का इंतजार करेंगे।

किसानों को बीज वितरण एवं जलवायु आधारित कृषि का दिया गया प्रशिक्षण

बिहारपुर। वाटरशेड ऑर्गनाइज ट्रस्ट संस्था के माध्यम से जलवायु आधारित कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र के 195 कृषकों को गेहूं, सरसों एवं सूरजमुखी के उन्नतशील बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम के तहत किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा कृषि में जलवायु अनुकूल तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 किसानों को 3-3 किलोग्राम उन्नतशील सरसों बीज, 85 किसानों को 40-40 किलोग्राम गेहूं बीज एवं 10 किसानों को 1-1 किलोग्राम सूरजमुखी बीज वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी फसलों की खेती के लिए खेत की तैयारी, उचित खाद एवं उर्वरक की मात्रा, बीज बुवाई की सही विधि, सिंचाई प्रबंधन तथा फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान और उनके नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को जलवायु के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग कर फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

शराबी ई रिक्शा चालक पर दस हजार रूपए का जुर्माना

अंबिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद कोर्ट ने ईरिक्शा चालक पर दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने की दिशा मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग ई रिक्शा क्रमांक सीजी 15 ईके 3063 के वाहन चालक बौरीपारा निवासी 42 वर्षीय सुधीर दुबे आ. सुरेश दुबे को रोककर जांच की तो वह शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। ब्रेथ ऐनालाइजर से चेक करने पर चालक द्वारा शराब पीने और नशे में धुत होने की पुष्टि हुई जिसके बाद मामले में एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्ररकण तैयार कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं। कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी विजय केवर्त समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

आशाराम बापू की किताब बांटने पर पद से हटाए गये प्राचार्य

अंबिकापुर। विद्यालय में बच्चों को आशाराम बापू की किताब बांटने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को पद से हटा दिया है। उन्हें संयुक्त जिला कार्यालय शिक्षा शाखा में पदस्थ किया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रघुनाथनगर के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार प्रजापति द्वारा 27 अक्टूबर को अपने स्कूल के बच्चों को आशा राम बापू के किताब का वितरण किया गया।

शाम ढलते ही बढ़ी बारिश की रफ्तार, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

तूफान के प्रभाव से पूरे दिन जारी रही वर्षा, किसानों की बढ़ी चिंता





तूफान से प्रभावित फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से गुरुवार को भी पूरे दिन वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विज्ञानी तूफान के प्रभाव से सरगुजा सहित पूरे संभाग भर में बुधवार से ही लगातार हल्की बारिश हो रही है जिससे जनजीवन अस्त व्यवस्त हो गया है। गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शहर में बारिश की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण कुछ राहत रही लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों सहित संभाग के अन्य जिलों में पूरे दिन बारिश का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान आंध्र प्रदेश को पार कर चुका है तथा आगामी 48 घंटों में इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में बढने एवं धीरे धीरे कमजोर पड़कर लो-प्रेशर में बदलने की संभावना है। इधर मौसम विभाग ने सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के लिए अलग अलग अलर्ट जारी कर तेज हवा के साथ कहीं-कहीं भारी वर्ष होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सरगुजा एवं बलरामपुर जिले के लिए यलो अलर्ट, वहीं सूरजपुर, कोरिया एवं एमसीबी के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को पूरे दिन हल्की वर्ष हुई वहीं शाम 5 बजते ही अंधेरा छाने के साथ वर्षा की रफ्तार बढ़ गई। इस दौरान तेज रफ्तार हवाएं चलती रहीं। मौसम अधिकारी रात में 50 से 60 किमी प्रति घंटे रफ्तार की हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्ष होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। तूफान को लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा है। तेज हवाएं चलने के कारण विद्युतलाइन के क्षतिग्रस्त होने की संभावना पर विद्युत विभाग द्वारा डीई कार्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर 24 घंटे अधिकारियों को तैनात किया गया है। .गुरुवार को तेज हवाएं नहीं चलने के बावजूद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। कार्यपालन यंत्री जेपी राजवाड़े के अनुसार गुरुवार को गोधनपुर वार्ड में विद्युत तार टूटने के कारण दोपहर काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही वहीं लक्ष्मीपुर विद्युत उपकेन्द्र में 11 केवी पोल फटने के कारण विद्युत कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बारिश होने के कारण बाईपास कर विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। विकासखंड उदयपुर अंतर्गत लक्ष्मणगढ़ जंगल में विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण काफी देर तक आपूर्ति बाधित रही। लगातार बारिश एवं तेज वा से विद्युत लाइन को हुई क्षति रात में बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह 7.30 बजे तक 19.2 मिमी वर्ष रिकार्ड की गई है।

खास बात

- तेज रफ्तार हवाएं चलने के साथ कहीं-कहीं भरी बारिश होने की चेतावनी

बारिश में भीगी धान की फसल

किसान पिछले एक सप्ताह से धान की कटाई कर रहे है। धान काटी गई अधिकांश फसल किसानों ने सूखने के लिए खेतों में छोड़ राखी है। वहीं बड़ी संख्या में किसान धान की फसल को खलिहान में रखकर मिसाई प्रारंभ करने की तैयारी में थे। मौसम खराब होने के कारण धान की मिसाई शुरू हो सकी है। लगातार बारिश होने के कारण खेल खलिहानों में रखी फसल भींग रही है जिससे धान के दानों में अंकुरण होने का खतरा बढ़ गया है। कोरिया एवं सूरजपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा हुई है। लगातार वर्षा होने के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल लेट गई है। तूफान की वर्षा से धान की फसल को भारी नुकसान होने का अनुमान है। स्थिति से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

सब्जियों की फसल को भी नुकसान

सरगुजा में सब्जियों की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। किसानों ने बड़े क्षेत्रफल में विभिन्न किस्म की सब्जियों की खेती की है। लगातार बारिश से टमाटर एवं लतावर्गीय करेला, खीरा एवं सेम की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। किसानों से अनुसार लगातार बारिश से टमाटर एवं लता वर्गीय सब्जियों की फसल पर फंगस का आक्रमण होता है तथा पूरी फसल गल जाती है। बारिश के कारण किसान फंगस रोधी दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे है जिससे सब्जियों की इन फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

जिला मुख्यालय में 2 दिनों से हो रहे लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

बलरामपुर। अर्बन तूफान की वजह से जिले सहित जिला मुख्यालय में 2 दिनों से हो रहे लगातार बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से धान की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हुआ है वही गेहूं और दलहन तिलहन के फसलों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। बुधवार की दोपहर से शुरू हुई बारिश जो गुरुवार को देर शाम तक रुक रुक कर जारी रहा। बारिश की वजह से जहां स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है तो वहीं आज अधिकांश ऑफिस में अघोषित छुट्टी जैसे नजारे देखने को मिला। अधिकांश लोग घर में ही दुबके रहे जिससे सड़कों पर भी सन्नाटा नजर आया। दुकान भी गिनती की ही खुली जबकि ग्रामीण क्षेत्र से आकर के दुकान खोलने वाले और गुदरी बाजार में बाजार में सामान लगाने वाले लोग नहीं दिखे। शहर मे भी भीड़भाड़ कम नजर आई। लगातार बारिश का असर सभी जगह देखने को मिला। बरसात के बाद फिर से एक बार नदी नाले में तेज बहाव देखने को मिला। मुख्यालय के चनान नदी और सिंदूर नदी में फिर एक बार बाढ़ देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे तक मौसम इसी तरह बने रहने की अंदेशा जताई है। धीरे-धीरे अर्बन तूफान का असर कम होगा और फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

चक्रवाती तूफान के कारण हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की फसल को पहुंचाई क्षति

बिश्रामपुर। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से मौसम में आए अचानक बदलाव ने बिश्रामपुर -शिवनंदनपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। बुधवार दोपहर से शुरू हुई बारिश का सिलसिला गुरुवार को भी लगातार जारी रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में लहलहा रही धान की फसल से लेकर कटाई के बाद खलिहानों में रखे धान तक पर बेमौसम बारिश की मार पड़ रही है,वहीं सब्जी उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले चर्चित ग्राम सिलफिली और आसपास के गांवों में भी मौसम के बदले मिजाज से सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचने की खबर है। अचानक बदले मौसम ने किसानों की महीनों की मेहनत और लागत पर संकट खड़ा कर दिया है। यूं तो खेती-किसानी पूरी तरह मौसम पर निर्भर रहती है। किसान पूरे सीजन खेतों में पसीना बहाकर फसल तैयार करते हैं और जब उपज घर लाने का समय नजदीक आता है, तब मौसम की प्रतिकूलता उनकी मेहनत पर भारी पड़ने लगती है। कोयलांचल क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश ने एक बार फिर किसानों के सामने इसी तरह की चुनौती खड़ी कर दी है। बुधवार दोपहर से आसमान में छाए बादलों और शुरू हुई बारिश ने ग्रामीण इलाकों का सामान्य जनजीवन प्रभावित किया। गुरुवार को भी बारिश जारी रहने से किसानों की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ती नजर आईं। धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता स्वाभाविक है। किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे मौसम की इस अनिश्चितता के बीच अपनी मेहनत से तैयार उपज को आखिर किस तरह सुरक्षित रखें। धान की खेती करने वाले किसानों के लिए केवल खेतों में खड़ी फसल ही चिंता का कारण नहीं है, बल्कि खलिहानों में रखे धान की सुरक्षा भी बड़ी समस्या बन गई है। कटाई के बाद खुले स्थानों पर रखी गई फसल बारिश के पानी से भीगने पर उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। धान को पर्याप्त रूप से सुखाने और सुरक्षित रखने में परेशानी आने से किसानों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। यदि धान लंबे समय तक नमी की चपेट में रहता है, तो उसके खराब होने, रंग और गुणवत्ता प्रभावित होने तथा भंडारण के दौरान परेशानी बढ़ने का खतरा रहता है। इससे किसानों को उपज के उचित मूल्य को लेकर भी चिंता हो सकती है।खेतों में पानी जमा होने की स्थिति बनने पर फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही बारिश के कारण कटाई और उपज को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में देरी हो सकती है।

खेतों में खड़ी फसल से लेकर खलिहानों में रखे धान तक पर बड़ा नुकसान का बना खतरा



सब्जी की खेती पर भी मौसम का पड़ा असर

ग्राम सिलफिली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी की खेती अनेक किसानों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। यहां उत्पादित सब्जियां स्थानीय बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचती हैं। लेकिन चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बदले मौसम और लगातार बारिश ने सब्जी उत्पादकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सब्जी की खेती में अत्यधिक नमी और खेतों में पानी जमा होने से पौधों की जड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कुछ फसलों में रोग लगने की आशंका बढ़ जाती है, जबकि फूल और फल आने की अवस्था में प्रतिकूल मौसम उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। लगातार बारिश के कारण खेतों में काम करना, फसलों की देखभाल करना और तैयार सब्जियों को बाजार तक पहुंचाना भी मुश्किल हो सकता है। सब्जी उत्पादकों के सामने एक और चुनौती यह है कि सब्जियां जल्दी खराब होने वाली उपज हैं। यदि बारिश के कारण उत्पादन या बाजार तक पहुंच प्रभावित होती है, तो इसका सीधा असर किसानों की रोजाना होने वाली आमदनी पर पड़ सकता है। फसल तैयार होने के बाद मौसम बिगड़ जाए, तो किसानों के सामने नुकसान की भरपाई की बड़ी चुनौती खड़ी हो जाती है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया सुरक्षित बचपन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, बाल सुरक्षा तथा बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले चरण के अंतर्गत दिनांक 26 से 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम तथा बाल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न्यायिक अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर जागरूक किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ के साथ ही शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा बच्चों के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की रक्षा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए विधिक सेवा संस्थाएं निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने के लिए बनाए गए इस कानून की जानकारी बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को होना आवश्यक है, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके और पीड़ित बच्चों को समय पर सहायता एवं न्याय मिल सके। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला द्वारा पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच अंतर, अनुचित व्यवहार की पहचान तथा ऐसी स्थिति में तत्काल किसी विश्वसनीय वयस्क को जानकारी देने के संबंध में जागरूक किया। न्यायाधीश सुश्री रिचा रेनी तिग्गा ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बालकों के लिए बाल-अनुकूल विधिक सेवाएं योजना, 2024 के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सुश्री लीनम बंसोड़ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबिकापुर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका तथा उसके द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। साइबर सेल अंबिकापुर की टीम एवं थाना प्रभारी महिला थाना अंबिकापुर द्वारा साइबर अपराधों एवं उनके दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने सुरक्षित क्लिक ही सुरक्षित जीवन है का संदेश देते हुए विद्यार्थियों से किसी भी अनजान कड़ी पर क्लिक न करने, एक बार उपयोग होने वाला कूटांक एवं कूटशब्द साझा न करने तथा इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों को दी विस्तृत जानकारी

दवनकरा धान खरीदी केंद्र में हमाली भुगतान को लेकर किसानों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

दवनकरा धान उपार्जन केंद्र में हमाली भुगतान नहीं मिलने को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 सहित पूर्व वर्षों में धान की तौल, सिलाई और स्टेकिंग का कार्य करने के बावजूद उन्हें मेहनताना नहीं मिला है। किसानों ने संबंधित विभाग से बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है।

किसानों के अनुसार समिति प्रबंधन की ओर से हमाली की राशि बैंक खातों में जमा कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भुगतान अब तक नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि हमाली भुगतान को लेकर लगातार शिकायतें और विरोध सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। ऐसे में संबंधित विभाग को भुगतान संबंधी अभिलेखों की जांच कर यह साफ करना चाहिए कि किन किसानों का कितना भुगतान लंबित है, राशि स्वीकृत हुई है या नहीं और भुगतान में देरी की वजह क्या है। किसानों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र किसानों के खातों में बकाया राशि तत्काल जमा कराई जाए, ताकि उन्हें अपनी मेहनत का उचित पारिश्रमिक मिल सके।

भुगतान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



इश्तहार/सार्वजनिक सूचना

नाम एवं जन्म तिथि संशोधन (NAME & DOB CORRECTION) सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, ग्रैगोरी किशोर टोप्पो (GREGORY KISHOR TOPPO), पिता अब्राहम टोप्पो (ABRAHAM TOPPO), निवासी- ग्राम व पोस्ट- सरबकोम्बो, थाना व तहसील- बगीचा, जिला- जशपुर (छत्तीसगढ़), जो कि भारतीय सेना (बिहार रेजिमेंट) से सेवानिवृत्त नायब सूबेदार (आर्मी नंबर- JC560590W) हूँ।

मेरे सैन्य डिस्चार्ज बुक में ब्रुटिवश मेरी धर्मपत्नी का नाम 'कुमारी जगरानी' (KUMARI JAGRANI) एवं जन्म तिथि 06 जून 1974 (06/06/1974) दर्ज हो गई है। जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक, शुद्ध एवं सर्वमान्य नाम 'जगरानी टोप्पो' (JAGRANI TOPPO) तथा उनकी सही जन्म तिथि 15 मार्च 1973 (15/03/1973) है।

अतः भविष्य में मेरी पत्नी को समस्त शासकीय, अर्ध-शासकीय, बैंक एवं सेना (Army Record) के अभिलेखों में केवल 'जगरानी टोप्पो' (JAGRANI TOPPO) एवं जन्म तिथि 15/03/1973 के रूप में ही जाना व पहचाना जाए।

संदर्भ: शपथ पत्र क्र. AG 608030
समक्ष: अनुविभागीय दण्डाधिकारी (SDM), बगीचा, जशपुर (छ.ग.)

घोषणाकर्ता: ग्रैगोरी किशोर टोप्पो
(सेवानिवृत्त नायब सूबेदार)
निवासी: सरबकोम्बो, बगीचा (छ.ग.)

मेडिकल वार्ड से भागा मरीज, परिजन परेशान

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती एक मरीज वार्ड से फरार हो गया। इधर वार्ड में मरीज के नहीं होने पर परिजन काफी परेशान हो गए। परिजन ने काफी खोजबीन की लेकिन मरीज का पता नहीं तो घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस को दी है। बताया जा रहा है कि मरीज की मानसिक हालत ठीक नहीं था। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत कुदरगढ़ भवरखोह निवासी दिनेश कुमार आ. स्व. जयकरण (35 वर्ष) बुधवार को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के पूर्व में एक्सीडेंट होने तथा मानसिक हालत ठीक नहीं होने पर मेडिकल वार्ड स्थित बेड में बांध कर उपचार किया जा रहा था। आज सुबह जब परिजन वार्ड के बाहर गए थे तभी युवक रस्सी को तोड़ वार्ड से फरार हो गया। परिजन मरीज को बेड पर नहीं देख खोजबीन की लेकिन मरीज का कहीं पता नहीं चला। परिजन ने मरीज के नहीं मिलने पर घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस कर्मियों को दी। पुलिसकर्मियों द्वारा मरीज की तलाश शुरू कर दी है।



बारिश के बीच विमान ने लैंडिंग के साथ ही भरी रायपुर के लिए उड़ान

अंबिकापुर। रायपुर हैदराबाद विमान सेवा शुरू होने के बाद दूसरी बार विमान ने रायपुर के लिए उड़ान भरी। बड़ी बात यह है कि चक्रवात अर्नब के प्रभाव के को देखते हुए प्लेन के लैंडिंग और टेक ऑफ को लेकर आशंका जताई जा रही थी लेकिन लगभग दो घंटे की देर से उड़ान भरी। दूसरी बार रायपुर के लिए अम्बिकापुर से 21 यात्रियों ने उड़ान भरी है।

बता दें कि मंगलवार को सरगुजा से हैदराबाद और रायपुर तक के लिए हवाई सेवा की शुरुआत हुई है। एलाइंस एयर कंपनी द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। यह हवाई सेवा मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रहेगी। वर्तमान में गुरुवार को सरगुजा में चक्रवात अर्नब का असर रहा। चक्रवात के कारण ही सीएम का सरगुजा दौरा रद्द हो गया। ऐसे में प्लेन के लैंडिंग को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। बारिश के कारण विजिबिलिटी कम होने के कारण विमान के संचालन में दिक्कत आ सकती थी। इस बीच रायपुर से चलकर विमान एक घंटे की देरी से दोपहर 3.10 बजे अंबिकापुर पहुंच गया था लेकिन बारिश के कारण दृश्यता कम होने से विमान आसमान में ही चक्कर लगाता रहा। लगभग 15 से 20 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाने के बाद लगभग साढ़े तीन बजे विमान ने लैंडिंग की। विमान के लैंड करने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। ऐसा इस लिए क्यों कि पहले दिन कुछ यात्रियों की फ्लाईट छूट गई थी और वे फिर से टिकट बुक कर रायपुर जा रहे थे। लगभग आधे घंटे के बाद फिर से बारिश कम होने और दृश्यता बढने के बाद विमान ने लगभग सवा चार बजे उड़ान भरी।

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान













क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।